मेडिकल व्यवसाय में उतरे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान

# न्यूबर्ग ने धोनी की साझेदारी में खोला इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर

- **रांची में प्रथम पीईटी-सीटी के साथ अत्याधुनिक इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर का हुआ उद्घाटन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती डायग्नोस्टिक श्रृंखलाओं में से एक, न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक्स ने सोमवार को रांची में अपना पहला अत्याधुनिक इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर शुरू किया है। यह डायग्नोस्टिक्स सेंटर शहर में पहला अपग्रेडेड पीईटी-सीटी स्कैनर लेकर आया है। न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों सहित पूर्वी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए कोलकाता स्थित पल्स डायग्नोस्टिक्स के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है।

रांची में न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक्स सेंटर का उद्घाटन महेंद्र सिंह धोनी ने न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ जीएसके वेलु, न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक्स की सीईओ और प्रबंध निदेशक सुनैना बिहानी तथा रांची एवं पूरे भारत के कई अन्य चिकित्सकों और गण्यमान्य हस्तियों की उपस्थिति में किया।



### न्यूबर्ग पल्स के साथ साझेदारी करके मुझे गर्व महसूस हो रहा है : धोनी

न्यूबर्ग पल्स के इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर का उद्घाटन करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, यह मेरे लिए बहुत ही गर्व का क्षण है कि यह उन्नत डायग्नोस्टिक्स सेंटर उस जगह पर स्थापित हो रहा है, जहां से मेरी यात्रा शुरू हुई थी। यह सेंटर रांची के लोगों के लिए विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं को लेकर आया है। झारखंड में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक्स सुलभ बनाने की दिशा में न्यूबर्ग पल्स के साथ साझेदारी करके मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

रांची में न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक्स सेंटर, क्रिकेट के दिग्गज एमएस धोनी के पूर्व निवास, हरमू कॉलोनी के ऐतिहासिक स्थल पर बनाया गया है, जहां वे अपने परिवार के साथ अपने शुरुआती वर्षों में रहते थे। यह अत्याधुनिक केंद्र एक ही छत के नीचे व्यापक नैदानिक सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और निवारक स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। यह एमआरआई, सीटी, पीईटी-सीटी, डिजिटल और पोर्टेबल एक्स-रे, एडवांस्ड सोनोग्राफी, एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, 4 डी अल्ट्रासाउंड, मैमोग्राफी, 2 डी इको, ईसीजी, ईईजी, ईएमजी, आदि के साथ नियमित और सुपर-स्पेशियलिटी परीक्षणों में 6,000 से अधिक परीक्षण की सेवाएं भी प्रदान करता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों, कड़े गुणवत्ता प्रोटोकॉल और उन्नत तकनीक के साथ, यह सेंटर सटीक परिणाम सुनिश्चित करता है।

मौके पर न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ जीएसके वेलु ने कहा, रांची में न्यूबर्ग पल्स के इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर के शुभारंभ के साथ, न्यूबर्ग पल्स नियमित निवारक परीक्षणों से लेकर उन्नत पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी तक, विश्वस्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाओं की एक पूरी श्रृंखला को किफायती दरों पर झारखंड के लोगों के और करीब ला रहा है। हमें क्रिकेट के दिग्गज एमएस धोनी के पूर्व निवास पर इस सेंटर का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा है और हमें इस उद्यम में उनके साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है।

उन्होंने आगे कहा, हमें रांची के पहले उन्नत जीई डिस्कवरी आईक्यू पीईटी-सीटी स्कैनर को एक स्टैंड-अलोन डायग्नोस्टिक्स सेंटर में पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो रांची में सटीक इमेजिंग और कैंसर डायग्नोस्टिक्स में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। न्यूबर्ग पल्स नवीनतम चिकित्सा नवाचारों और विश्वसनीय विशेषज्ञता द्वारा समर्थित उच्च-गुणवत्ता वाले, किफायती डायग्नोस्टिक्स प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना, शीघ्र और सटीक निदान के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना और क्षेत्र में स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करना है।

इस अवसर पर न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक्स की सीईओ और प्रबंध निदेशक सुनैना बिहानी ने कहा, रांची में हमारे इंटेग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स सेंटर की स्थापना, पूर्वी भारत के लिए हमारे व्यापक दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सेंटर एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, क्योंकि हम झारखंड और आसपास के जगहों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। न्यूबर्ग समूह अगले दो से तीन वर्षों के भीतर पूरे झारखंड में डायग्नोस्टिक्स सुविधाएं स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसकी शुरुआत पहले केंद्र में 30 करोड़ रुपए के निवेश से होगी। हमारा ध्यान एक मजबूत, विकेंद्रीकृत नेटवर्क बनाने पर है, जो यह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय को विश्वस्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाएं उनके घर के पास ही उपलब्ध हों।

किशोरी सिंह यादव चौक में लगा है अनोखा पिलर ऑपरेटेड सिग्नल

# सोलर लाइट लगी है सोलर है लापता

**मनोज मिश्रा**

**उठते सवाल:** जब पिलर ऑपरेटेड सिग्नल कभी काम ही नहीं करेंगे तो उसे लगाने का क्या मतलब

**रांची।** एलिवेटेड कॉरिडोर के ठीक नीचे किशोरी सिंह यादव चौक में एक अनोखा सोलर सिग्नल देखने को मिल रहा है, लोगों में चर्चा है कि जब सूर्य का प्रकाश ही नहीं मिलेगा तो सोलर सिग्नल चार्ज कैसे होगा। आईए जानते हैं क्या है मामला, क्यों नगर निगम और एनएचआई पर लोग कस रहे हैं तंज। रातू रोड का बरसों पुराना सपना पूरा हुआ और फ्लाईओवर का निर्माण हुआ। अब सड़क में जाम देखने को नहीं मिल रहा है हर कोई आसानी से बिना समय गंवाए पिस्का मोड़ से कचहरी चौक का सफर बड़े आराम से कर रहे हैं। मगर इन दिनों किशोरी सिंह यादव चौक में लगे पिलर ऑपरेटेड सिग्नल चर्चा का विषय बना हुआ है। पिलर ऑपरेटेड सिग्नल जिसे हिंदी में स्तंभ संचालित संकेत या पिलर कहा जाता है यह एक ऐसा संकेत प्रणाली है जो किसी खंबे या पिलर पर लगी होती है और यातायात या अन्य गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए उपयोग की जाती है। पिलर पर लगी ट्रैफिक सिग्नल का उपयोग वाहनों की गति और दिशा को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है और यह सब सोलर से अर्थात सूर्य के प्रकाश से चार्ज होकर काम करता है। किशोरी सिंह यादव चौक में लगे पिलर ऑपरेटर सिग्नल के ठीक ऊपर सोलर प्लेट लगा हैं सूर्य की ऊर्जा से जब चार्ज होगी तभी काम कर सकती है, मगर इस सोलर प्लेट के ऊपर एलिवेटेड कॉरिडोर है। इस फ्लाईओवर से सूर्य की प्रकाश सोलर पैनल पर नहीं पहुंच सकती है फलस्वरुप सोलर पैनल चार्ज नहीं हो सकता है और जब यह सोलर पैनल चार्ज ही नहीं होगा तो पिलर ऑपरेटेड सिग्नल काम नहीं करेगा और जब यह पिलर ऑपरेटर सिग्नल काम ही नहीं करेगा तो उसे लगाकर पैसे की बर्बादी क्यों की गई है। सोलर लाइट लगी है लेकिन सोलर लापता है और जब सोलर लापता है तो रात में पिलर ऑपरेटेड सिग्नल काम नहीं कर रहा है।




## साजन संग सावन मिलन महोत्सव मना

**रांची।** बरनवाल ट्रस्टी फ्रेंड्स द्वारा आयोजित साजन संग सावन मिलन महोत्सव स्वागतम् बैंक्विट हॉल हरमू में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुई। भारतीय परंपरा के अनुरूप सावन मास की हरियाली में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नृत्य, संगीत,कविता पाठ, भजन,कजरी ने सभी का मन मोह लिया। साजन संग सावन थीम के कारण रजनीश संग खुशबू बरनवाल ने नृत्य करके सभी के हृदय को जीत लिया। सावन नृत्य स्वीटी, सुचिता और संजू ने किया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में विजेता रेखा बरनवाल और रनर अप पूजा बरनवाल बनी। खेल प्रतियोगिता में दीपक, प्रकाश, पूजा, दीपा, वीणा सुजाता, कंचन, बबीता ने जीत कर उपहार अपने नाम किया और सभी ने भरपूर मनोरंजन किया। अध्यक्षीय भाषण के बाद कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। सावन मिलन के इस पारिवारिक समारोह में 125 से अधिक लोगों ने सम्मिलित होकर भोजन का आनंद लिया। मंच का संचालन मोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईरा बरनवाल, मीरा, ऋतु, संध्या, ममता, स्नेहा, संजू, संगीता, रीमा आदि का सहयोग रहा।

## स्वदेशी ज्ञान और डिजिटल परिवर्तन पर जोर



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्युएसी सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पहले दिन "नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन एवं पारंपरिक ज्ञान का प्रोत्साहन" विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार शर्मा बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा में भाषा विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय भाषाओं में डिजिटल कंटेंट के निर्माण के लिए संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में एनईपी 2020 के आलोक में आदिवासी समुदायों के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणाली के पुनरुद्धार पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागी संकाय सदस्यों की शंकाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

## पुलिस कर्मियों के लिए नाटक 'गिरगिट' का हुआ मंचन



**रांची।** जेएफटीए स्टूडियो थिएटर में रविवार की शाम को नाटक गिरगिट का एक विशेष मंचन किया गया जो कि रांची पुलिस को समर्पित था। मंचन के दौरान दर्शक दीर्घा में अरगोड़ा थाना के थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नाटक 'गिरगिट' में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी भूमिका निभाई जिनमें अपराजीता रॉय, अब्दुल तौफीक, अमित कुमार राज, सोमकांत, शोभित अमन, सौरभ मंडल, अलका भगत, श्रुति जैसवाल, मनीष राव, चिराग केशरी, नितीश कुमार गुप्ता और मुकेश प्रमाणिक शामिल हैं।


बेड़ो, लापुंग, नरकोपी महादानी न्यूज़ ग्रुप का 22 जूलाई को नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ग्रुप के ग्रुप एडमिन सहित ग्रुप के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई। खबरों में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ साथ नि:स्वार्थ सेवा की भावना बड़ी बात है।

श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की



माननीय मंत्री

मांडर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाना ही लक्ष्य।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार।


**आज / कल**




# श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी पर बाबा श्याम का हुआ भव्य श्रृंगार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार को कामदा एकादशी पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लग गई। प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद सुबह में 8:30 बजे श्रृंगार आरती हुई। श्रद्धालु अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है।

दिन में 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों और मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को भी फूलों के गजरे से सजाया गया।



एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अमरनाथ दता, अपूर्व दता, भार्गव, आराध्या दता ने खाटूनरेश की दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित कर अखंड ज्योति में फल, पेड़ा, मेवा, रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, पूर्व अध्यक्ष गोपाल मुरारका, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, मनोज खैतान, राजेश ढांढनिया, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल सोनू, अशोक शर्मा, साकेत ढांढनिया, दीपक पोद्दार, वेद भूषण जैन, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, तनय काठपाल, हेमंत जोशी आदि ने संयुक्त रूप से बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। एकादशी संकीर्तन में भोग लगने के बाद मंदिर में आए सभी श्याम भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

डीसी के जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

# जिला प्रशासन जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध : उपायुक्त

- **बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने पर दो परिवारों ने राज्य सरकार और उपायुक्त को दिया धन्यवाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के जनता दरबार में सोमवार को एक बार फिर समस्याओं को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, पेंशन एवं अन्य मुद्दों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जनता दरबार में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया गया।जनता दरबार में आज का सबसे हर्षजनक दृश्य उस समय देखने को मिला जब दो दंपति अपने-अपने बच्चों के शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूल में नामांकन हो जाने पर राज्य सरकार और उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री का धन्यवाद देने पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सार्थक हस्तक्षेप और दिशा-निर्देश से उनके बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हो पाया है। इस पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि "यही है असली बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की मिसाल। प्रशासन का उद्देश्य ही यह है कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।



### जनता दरबार में दिखाई दे रहा है भरोसे का प्रभाव

हर सप्ताह आयोजित हो रहे जनता दरबार के माध्यम से आम जनता को प्रशासन से सीधे संवाद का अवसर मिल रहा है। लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि "जिला प्रशासन जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक निष्पादन योग्य समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

### भू-राजस्व से संबंधित शिकायतों की गहन जांच कर निष्पादन का निर्देश

जनता दरबार में भू-राजस्व से संबंधित कई प्रकार की समस्याएं सामने आईं, जिनमें जमीन पर अवैध कब्जा, लंबित दाखिल-खारिज, रजिस्टर-2 में त्रुटियाँ, सीमांकन में बाधा एवं रसीद अद्यतन न होना जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अंचल अधिकारी को मौके पर ही फोन के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि संबंधी मामलों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# संभावना है पर झॉलीवुड उद्योग क्यों पनप नहीं पा रहा ?

***काजल मेहता ।*** *झारखंड में फिल्म निर्माण उद्योग क्यों पनप नहीं रहा इस पर झारखंड के कुछ प्रमुख फिल्मकारों से नवीन मेल ने सवाल पूछे तो मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिलीं।*

## बाहरी फिल्मों को लाभ मिला : ऋषि प्रकाश मिश्रा



फिल्म निर्माता और फिल्म निर्माण तकनिकी समिति के पूर्व सदस्य ऋषि प्रकाश मिश्रा ने कहा कि झारखंड में जितनी भाषाएं, साहित्य, लोक संस्कृति है इतने पूरे देश के किसी भी राज्य में नहीं है। दूसरे प्रदेशों में फिल्म निर्माता अच्छा काम करके रोजी रोटी कमा रहे इसका एक मात्र कारण है कि राज्य सरकार का सहयोग होना। झारखंड में भी 2015 में फिल्म नीति बनी लेकिन इसका लाभ लोकल फिल्म कारों को नहीं मिल पाया बल्कि बाहरी फिल्मों को लाभ मिला । लोकल फिल्मकारों को लाभ नहीं मिलने के पीछे आर्थिक कमजोरी है। झारखंड फिल्म तकनीकी सलाहकार समिति के द्वारा सरकार से मांग भी की गई कि फिल्म बनाने के लिए जो खर्च बनता है उसमें होटल, लाइट्स और कैमरा सरकार के द्वारा दिया जाए लेकिन इस पर कोई विचार नहीं किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य के राजनेता और अधिकारियों के सहयोग से ही फिल्मजगत का उद्धार हो सकता है। लेकिन इनका कोई सहयोग नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि एक समय पर सिनेमा घरों में झारखंडी फिल्मों को चलाने पर सहमति मिल गई थी लेकिन उसमें शाम तक का ही समय था। वहीं लोग फिल्में अमूमन शाम से रात तक में देखना पसंद करते हैं।

## फिल्म निर्माण पालिसी के अनुरूप सहयोग मिले : फिल्मकार अनुज



फिल्मकार अनुज का कहना है कि झारखंड में फिल्में बन रही है और कुछ हद तक थियेटर में भी लग रहीं हैं। इनका कहना है कि झारखंडी फिल्मों और फिल्मकारों को फिलहाल सरकार का सपोर्ट नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लोकल फिल्मों के लिए कदम बढ़ा रही है। अनुज ने कहा कि सरकार को झारखंडी सिनेमा में अधिक ध्यान देना चाहिए। नियमत: जितनी फिल्म निर्माण पालिसी में है उतना ही फिल्मकारों को मिल जाए तो वो भी सहायतापूर्ण होगा।

## सरकार का समर्थन मिले तो झारखंड में बनेगी बेहतर फिल्में : बिमल अग्रवाल



चैंबर ऑफ कॉमर्स के फिल्म निर्माण समिति के बिमल अग्रवाल ने कहा मोबाइल के कारण सिनेमाघरों के प्रति अब लोगों में रुझान नहीं रहता है। झारखंड के फिल्मकार और प्रोडक्शन हाउस छोटी मोटी फिल्में बना कर यूट्यूब, दूरदर्शन या अन्य प्लेटफॉर्म में चलाते हैं। झारखंडी निर्माताओं के पास उतना बजट नहीं होता है कि सिनेमाघरों की डिमांड पूरी कर पाए। झारखंड सरकार का समर्थन यदि फिल्मकारों को मिले तो झारखंड बेहतरीन फिल्में बनेगी।

## झारखंडी फिल्मकारों के पास नया विजन नहीं : राजीव सिन्हा



फिल्मकार राजीव सिन्हा ने कहा निर्माताओं ने बड़ी मेहनत से कई फिल्में बनाईं। सबसे बड़ी समस्या बजट की थी, इसके अलावा स्थानीय कलाकारों का चयन, लोकेशन, सुरक्षा, फिल्म निर्माण के कंपोनेंट, टेक्निकल ज्ञान की कमी थीं। बड़ी फिल्मों के लिए तो मल्टीप्लेक्स और अन्य थिएटर उपलब्ध हैं, जहां वे फिल्में दिखाते हैं पर क्षेत्रीय भाषा के फिल्मों के लिए दर्शकों का अभाव है। उनका कहना है झारखंडी फिल्मकारों के पास नया विजन नहीं हैं।

## झारखंड फिल्म पॉलिसी 2015



एआई जनरेटेड

2015 में झारखंड सरकार ने फिल्म निर्माताओं की मांग को देखते हुए झारखंड राज्य फिल्म नीति बनाई। इस फिल्म नीति को काफी सराहना मिलीं । नीति के तहत झारखंड में फिल्म शूटिंग के लिए कई तरह की सरकारी सहायता और सब्सिडी थी, वहीं स्थानीय फिल्मों और कलाकारों के लिए भी कई प्रावधान थे।झारखंड की फिल्म नीति की पूरे देश में प्रशंसा हुई। बाहर से भी फिल्में अब झारखंड आने लगीं। यहां की खूबसूरत वादियों में कई फिल्मों की शूटिंग होने लगी। इनमें बेगम जान, वन डे जस्टिस डिलीवर्ड, रांची डायरीज आदि शामिल हैं। जब बाहरी फिल्मों की शूटिंग शुरू हुई तो स्थानीय फिल्मकारों की हिम्मत भी बढ़ी। लेकिन उनकी उम्मीदों को बल नहीं मिला। फिल्म नीति के तहत राज्य में स्थानीय फिल्मों के लिए कई प्रावधान थे। राज्य में एक फिल्म सिटी के निर्माण के साथ ही हर जिले में स्थानीय फिल्मों की शूटिंग के लिए सिनेमाघर खोले जाने थे। फिल्मकारों का कहना है कि फिल्म निर्माताओं ने खुद से जैसे-तैसे फिल्म बना भी ली, तो उन्हें इस फिल्म पॉलिसी के तहत सब्सिडी का लाभ भी नहीं मिला।

# झारखंड में शिक्षा की स्थिति डरावनी : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उन्होंने पुरजोर विरोध किया था । नई शिक्षा नीति के तहत नौंवी,दसवीं, 11वीं और 12वीं की कक्षाएं अब एक जगह चलेंगी। स्कूलों में बैठने की जगह नहीं। छात्र-छात्राओं के समक्ष असमंजस की स्थिति। सम्मान समारोह के दौरान टॉपरों को मंत्री ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों को सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की स्मृति में किया जाता है। राजीव गांधी ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने पंचायती राज और पेसा कानून दिया। 1996 में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की गई। 2004 में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की शुरुआत की गई। समारोह में मैट्रिक की परीक्षा में बेड़ो प्रखंड की टॉपर 94.40 प्रतिशत अंक लाने वाली मॉडल विद्यालय की छात्रा श्रुती कुमारी, सेकंड टॉपर 93% अंक लाने वाली सेंट अन्ना हाई स्कूल दिघिया की छात्रा तृप्ति कुमारी, थर्ड टॉपर 90.40% अंक लाने वाली मॉडल विद्यालय बेडो.की प्रीति कुमारी सहित सुनील मुंडा एवं पवन कुमार महतो को प्रशस्ति पत्र मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं फिश किंग चरवा उरांव की सुपुत्री अभिप्रिया कुमारी ने बेहतरीन अंको के साथ अपने स्कूल और समाज को गौरवान्वित किया। वहीं इटरमीडिएट साइंस की टॉपर 90.40% अंक आने वाली एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बेडो.की छात्रा कल्याणी कुमारी सहित 280 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## झारखंड में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर बारिश की संभावनाएं हैं। मौसम विभाग ने 24 और 25 जुलाई को राज्य के दक्षिण-पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी भागों में भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी। वज्रपात की भी संभावना जताई गई है। 24 जुलाई को बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण-पूर्वी भागों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 25 जुलाई को दक्षिण-पूर्वी भागों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उत्तर-पूर्वी भागों में देवघर, दुमका और जामताड़ा में भी भारी बारिश की संभावना है। वहीं 26 और 27 जुलाई को झारखंड में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बीआईटी के लालपुर एक्सटेंशन में फैकल्टी विकास कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन में छह दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया गया। उद्घाटन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने किया। उन्होंने शिक्षा में तकनीकी दक्षता और डिजिटलीकरण की बढ़ती भूमिका पर बात की। मुख्य अतिथि डीन डॉ राजू पोद्दार ने कहा कि अच्छे शोध के लिए विश्वसनीय डाटा जरूरी है। निदेशक डॉ प्रणब कुमार ने बिजनेस में डिजिटलीकरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ अमृता प्रियम और डॉ महुआ बनर्जी ने सभी का स्वागत किया और पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। देश के विभिन्न बड़े कॉलेजों से आए फैकल्टी और रिसर्च स्कॉलर्स ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पहले दिन दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र के वक्ता डॉ प्रणब कुमार थे। दूसरे सत्र को डॉ शिशिर दत्ता, महाप्रबंधक (अनुसंधान एवं विकास), सीएमपीडीआई, रांची ने प्रस्तुत किया। आयोजन समिति में डॉ श्राबनी मुखोपाध्याय, डॉ एआर श्रीवास्तव, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ संजय कुमार, डॉ मिली दत्ता, डॉ शिबा मित्रा, डॉ जया पाल, डॉ अपर्णा शुक्ला, डॉ उमेश प्रसाद, डॉ पार्थ पॉल, डॉ सौमित्रो चक्रवर्ती, मनोज गिरि, सुभाशीष रॉय, मनोज कुमार, शांतनु सिन्हा और राणा प्रताप मिश्रा शामिल थे।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बॉयज हॉस्टल में लगी आग

- **एक छात्र के जरूरी दस्तावेज जल कर खाक**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची के बॉयज हॉस्टल में शनिवार देर रात एक छात्र के कमरे में आग लग गई। इस आगजनी में छात्र की किताबें, जरुरी दस्तावेज, कपड़े और अन्य निजी सामान पूरी तरह जल गए। घटना के पीछे साजिश की आशंका जताई जा रही है। छात्रों के अनुसार आग जानबूझकर उस छात्र के कमरे में लगाई गई, जो विश्वविद्यालय की नीतियों के खिलाफ बार-बार आवाज उठाता रहा है। छात्रों ने दावा किया कि पीड़ित छात्र को हाल ही में आगामी सेमेस्टर में पंजीकरण से भी वंचित कर दिया गया था, जिससे वह पहले से मानसिक दबाव में था।

वहीं, छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर खासकर कुलपति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हॉस्टल पूरी तरह डीएसडब्ल्यू के अधीन होता है और परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रशासन के नियंत्रण में है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि बिना किसी की जानकारी के हॉस्टल के भीतर आगजनी जैसी घटना कैसे हो सकती है? छात्रों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में तनाव का माहौल है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जबकि छात्रों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले की गंभीरता से जांच नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। छात्रों ने कहा कि पीड़ित छात्र का हौसला अब भी बुलंद है और वह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। विश्वविद्यालय के भीतर ऐसी घटनाएं छात्रों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही हैं।

जिस छात्र के कमरे में आग लगी उसके ऊपर 23 जून 2025 को जारी एक नोटिस के जरिए आगामी सेमेस्टर में पंजीकरण से वंचित कर दिया गया। यह नोटिस कुल 10 छात्रों को मिला था, जिसमें उन पर 25 अप्रैल 2025 को परीक्षा के दौरान अशांति फैलाने का आरोप लगाया गया था – जबकि वास्तविक परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित हुई थी। आग उन्हीं 10 छात्रों में से एक छात्र के कमरे में लगी थी। मामले में सीयूजे प्रबंधन से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## झारखंड चैंबर के कार्यकारिणी समिति की 11वीं बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आतिथ्य में साहेबगंज स्थित उत्सव बैंक्वेट हॉल में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के 11वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में साहेबगंज के व्यापारियों ने जिले में इंडस्ट्रियल एरिया की आवश्यकता, जिले को मनगढंत रूप से खासमहल कानून थोपे जाने से उत्पन्न परेशानी, बेहतर ट्रेन कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, स्वच्छ जल एवं सफाई व्यवस्था जैसी जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिले के व्यापारियों ने नगर परिषद् साहेबगंज की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए अवगत कराया कि परिषद् द्वारा अवैध रूप से साहेबगंज में प्रवेश करनेवाली ट्रकों पर प्रवेश शुल्क लगाया गया है। ईस्टर्न झारखंड चैंबर के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने जिला परिषद् साहेबगंज द्वारा कृषि शुल्क उगाही के हालिया आदेश को वापस कराने में झारखंड चैम्बर के प्रभावी हस्तक्षेप की सराहना की। साथ ही जिले के विकास में बाधक नीतियों के निराकरण के लिए झारखंड चैंबर से सहयोग की अपेक्षा जताई।

संथाल परगना क्षेत्र को संभावनाओं का क्षेत्र बताते हुए व्यापारियों ने संथाल परगना क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, फूड पार्क की स्थापना, स्प्रीचुअल टूरिज्म सर्किट, टेक्सटाइल हब के रूप में विकास, प्लास्टिक उद्योग, मेडिकल और फार्मा इंडस्ट्री की स्थापना, संथाल परगना को इंडस्ट्रियल थ्रस्ट एरिया घोषित करने, साहेबगंज, गोड्डा, पाकुड़ में आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, एनएच गोविंदपुर-साहेबगंज कॉरिडोर, एनआईसीडीसी-एमएसएमई डेडिकेटेड ज़ोन विकसित करने, सिंगल विंडो सिस्टम को कारगर बनाने, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीति लागू करने, निर्बाध विद्युत् की उपलब्धता करने के साथ ही मजबूत विधि-व्यवस्था उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई।

# सरला बिरला स्कूल में करियर फेयर-पाथवे टू सक्सेस का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने करियर फेयर का भव्य आयोजन किया, जिसमें भारत और विदेश के 26 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर की खोज, व्यावसायिक कौशल, उभरते व वैकल्पिक क्षेत्रों एवं तकनीकों, आत्म-जागरूकता, व्यक्तिगत विकास तथा नेटवर्किंग के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण था- उद्योग विशेषज्ञों के प्रेरणादायक सत्र। इन सत्रों में कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। विवेक कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून, अमोल चिंचोलकर, सहायक प्रोफेसर एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे, अर्पिता दास, एडमिशन मैनेजर, एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, अमित एकलव्य, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर, एवं प्रवीण शर्मा, कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं मेंटर, आईआईएम रांची के पूर्व छात्र। इन विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यावसायिक कौशल, आत्म-जागरूकता, एवं व्यक्तिगत विकास के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही छात्रों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के बीच संवाद और नेटवर्किंग का अवसर भी उपलब्ध कराया। इस सत्र ने छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में सूझबूझ भरे निर्णय लेने हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल से सुसज्जित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत इंटरैक्टिव यूनिवर्सिटी डेस्क भी लगाए गए, जहां छात्रों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों और उच्च शिक्षा के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन में शामिल प्रमुख विश्वविद्यालय हैं।

### अबुआ आवास अधूरा देखकर आग बबूला हुई बीडीओ

## एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने की दी चेतावनी नहीं तो होगी कार्रवाई



लापुंग। लापुंग प्रखंड अंतर्गत सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर ग्राम में पूर्ण अबुआ आवास के लाभुकों की संख्या सबसे अधिक है लेकिन इसकी प्रगति धीमी रहने पर उक्त ग्राम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उषा मिंज ने सोमवार को निर्माणाधीन आवास एवं लाभुकों की स्थिति का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान अबुआ आवास अधूरा देखकर आग बबूला हो उठी बीडीओ उषा मिंज उन्होंने आवास के लाभुकों को सख्त चेतावनी दिया कि यदि एक सप्ताह के अंदर आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो नियम संगत करवाई करते हुए दिए गए राशि का नीलामी पत्र के माध्यम से वसूली की जाएगी एवं सरकारी राशि का दुरूपयोग हेतु कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने एक सप्ताह मे कार्य पूर्ण नहीं करने पर जिला के पदाधिकारिओं को सूचित करते हुए कानूनी करवाई करने की चेतावनी दी।

## बाइक सवार गंभीर रूप से घायल,बेहतर इलाज के लिए रेफर


**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गढ़गांव निवासी युवक सुषेण करमाली उम्र लगभग 18 वर्ष जोन्हा फॉल जाने के क्रम में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाम के समीप पुल के पास एक ही बाइक पर बैठे तीनो सवारी असंतुलित होकर गिर पड़े जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**ठाकुरगांव ।** थाना क्षेत्र के कुलवे गांव निवासी लक्ष्मण मुंडा की मौत सर्पदंश से हो गयी। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण पिछले शुक्रवार को अपने बागान से मवेशियों के लिए घास काट रहा था इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे डस दिया। परिजनों द्वारा आनन फानन में उन्हें रिम्स ले जाया गया जंहा इलाज के क्रम में रविवार की देर रात उनकी मृत्यु हो गयी।

# न्यूज बॉक्स

## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में श्री श्याम प्रभु का हुआ मनमोहक श्रृंगार



**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को कामिका एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी थी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार हुआ। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने भावपूर्ण संकीर्तन किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनियां, प्रदीप अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में डॉ. स्वामी सदानंद महाराज का 81 वां जन्मोत्सव मना



**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर मे कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी का 81वां जन्मोत्सव तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उत्थान और गुरु-शिष्य परंपरा की अनुपम मिसाल भी प्रस्तुत की। महोत्सव का शुभारंभ गुरु पूजन से हुई, जिसमें रांची सहित कई क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन कर पूज्य गुरुदेव को नमन किया। इसके पश्चात भजन-सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें ट्रस्ट के भजन गायको ने भक्तिरस में डूबे सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। मौके पर स्वामी सदानंद महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "गुरु वह दीपक हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। सच्चा शिष्य वही है जो श्रद्धा, विनम्रता और सेवा से अपने जीवन को गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप ढालता है।" उन्होंने जीवन को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी के उपाध्यक्ष चरणजीत मुंजाल का निधन



**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी के उपाध्यक्ष चरणजीत मुंजाल का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। हरमू मुक्तिधाम के लिए उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को उनके श्रीकृष्ण नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित आवास से दिन में 10:00 बजे प्रस्थान करेगी।

## डीपीएस ने 'टीचर ऑफ द मंथ' पहल की शुरुआत की

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने शिक्षण के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। विद्यालय ने 'टीचर ऑफ द मंथ' पुरस्कार की शुरुआत की है। यह प्रतिष्ठित मासिक सम्मान शिक्षकों को प्रेरित करने और संस्थान में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। शिक्षकों को यह सम्मान अभिभावकों एवं छात्रों की प्रतिक्रिया, समय पालन, नियमितता और नवीन शिक्षण विधियों जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों में उत्कृष्टता और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना है। 21 जुलाई को प्राइमरी विंग की मुस्कान उप्पल को इस नई पहल के तहत पहले 'टीचर ऑफ द मंथ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान छात्रों और अभिभावकों से मिली लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया, उनकी रचनात्मक शिक्षण शैली और शिक्षण के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। उनके द्वारा नन्हें छात्रों को शिक्षित करने की लगन वाकई प्रेरणादायी है। इस अवसर पर प्रचार्या डॉ जया चौहान ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारा विश्वास है कि एक प्रेरित शिक्षक ही एक सशक्त कक्षा का निर्माण करता है। यह पहल हमारे शिक्षकों द्वारा किए जा रहे बड़े कार्यों की सराहना है। उन्होंने मुस्कान उप्पल को इस प्रेरणादायक उदाहरण के लिए बधाई दी। यह पहल डीपीएस रांची द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता और सकारात्मक शिक्षण माहौल को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया एक और प्रगतिशील कदम है।

## जांच के लिए गठित की जा रही है उच्चस्तरीय जांच समिति : कुलपति

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के परिसर में सोमवार को छात्र संगठनों ने कुलसचिव, प्रॉक्टर एवं डीएसडब्ल्यू का संयुक्त रूप से घेराव किया। यह घेराव उस जघन्य एवं शर्मनाक घटना के विरोध में था, जिसमें एक विश्वविद्यालय कर्मचारी द्वारा असामाजिक तत्वों को बुलाकर छात्रों व शिक्षकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और हथियारों का प्रदर्शन किया गया था। छात्र प्रतिनिधि अभिषेक झा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की चुप्पी अब अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, अब यह विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र न रहकर, असामाजिक तत्वों और दलाल कर्मचारियों की गतिविधियों का अड्डा बनता जा रहा है। एक महिला कर्मचारी द्वारा गुंडों को बुलाकर परिसर में आतंक फैलाना, हथियार लहराना, छात्रों-शिक्षकों को गाली देना न केवल निंदनीय है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था पर हमला है। वहीं, छात्र संगठनों के विरोध और मांगों को गंभीरता से लेते हुए कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिया कि इस गंभीर प्रकरण की तत्काल जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की जा रही है। जब तक समिति की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो जाती, आरोपित कर्मचारी को निलंबित किया जाएगा।

## पूर्व थाना प्रभारी का विदाई सम्मान समारोह आयोजित

**मुरी।** मुरी थाना के पूर्व थाना प्रभारी कुंदन कुमार के विदाई में थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस सम्मान समारोह में नव पदस्थापित थाना प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने पूर्व थाना प्रभारी को माला पहनकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच अपने कार्यकाल में किए गए क्रियाकलापों को रखा तथा कहा कि मुरी थाना क्षेत्र के लोगों से हमें भरपूर सहयोग मिला जिससे हमें विधि व्यवस्था कायम रखने में काफी सहयोग प्राप्त हुआ।थाना क्षेत्र के लोगों से एक भावनात्मक लगाव जुड़ गया है।

### पीडब्ल्यूडी रोड बाजार टांड़ की हुई मरम्मत,विधायक ने किया निरीक्षण, कहा

# विभाग समस्याओं का करे स्थाई निदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा से परसाबाद जाने वाली पीडब्ल्यूडी बाजार रोड इन दिनों गंदे नाले में तब्दील हो गई है। बरकट्ठा चौक एनएच2 मोड़ से बहने वाली गंदे पानी का निकास सड़क पर हो रहा है जिससे सारा गंदा पानी काली मंदिर के सामने सड़क पर जमा हो गया है। इस बाबत विधायक अमित यादव ने पीडब्ल्यूडी के कनीय अभियंताओं व ग्रामीणों के साथ काली मंदिर स्थित जलजमाव वाली स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग को सड़क जल्द ठीक करने का निर्देश दिया और कहा कि इस समस्या का स्थाई निदान होना चाहिए। मौके पर पीडब्ल्यूडी के कनीय अभियंता संजय कुमार ने कहा इस सड़क में आवश्यकता अनुसार नाली व सड़क की राइजिंग पर टेक्निकल टीम विचार कर रही है साथ ही इस सड़क का टेंडर हो चुका है। टेंडर अलाटमेंट के बाद शीघ्र ही काम प्रारंभ होगा। तत्काल सड़क पर स्टोन डस्ट व मेटल डालकर रोड चलने लायक बनाया गया । ज्ञात हो सड़क निर्माण के समय जल निकासी को लेकर पीडब्ल्यूडी द्वारा बरकट्ठा चौक से लेकर दोनों ओर मजबूत आरसीसी नाली का निर्माण किया गया था जो निर्बाध रूप से काली मंदिर बाजार टांड़ तक बना लेकिन उसकी निकासी नहीं होने के कारण गृहस्वामियों ने नाली को बंद कर दिया जिससे स्थिति खराब हो गई है। अब सारा बरसात का पानी व घरों के गंदे पानी का बहाव बीच सड़क पर हो रहा है जिससे सारा गंदा पानी काली मंदिर के पास जमा हो जा रहा है। इससे स्थिति नारकीय हो गई है। विधायक अमित यादव के सड़क निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के कनीय अभियंता संजय कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, बिट्टू मोदी, प्रदीप लाल, सुरेन्द्र साव, गोपाल प्रसाद अनिल आजाद, छोटेलाल प्रसाद मेहता, मिथलेश भारती समेत स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने फुटबॉल चैंपियन बालिका टीम को किया सम्मानित



**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित 64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले की पीएम श्री केबी हाई स्कूल, हजारीबाग की अंडर-17 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय फाइनल में गुमला की टीम को 7-6 गोल से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। जीत के साथ ही हजारीबाग की टीम अब झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी। इस अवसर पर उपायुक्त ने टीम की कप्तान से संवाद करते हुए कहा कि हजारीबाग की बेटियों ने जिला ही नहीं, पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ कौशल किशोर, खेल नोडल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, शुशीला कुमारी सहित टीम के सभी खिलाड़ी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का पद स्थापना समारोह का हुआ समापन

## रोटरी क्लब क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रहा है : विधायक



**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ का 64 वां पद स्थापना समारोह 20 जुलाई की देर शाम गांधी चौक स्थित रमणीक लाल मानिक मेमोरियल रोटरी हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि रोटरी सह-जिलापाल धीरज सिंह, संजय अग्रवाल, विजय कुमार, राजेंद्र जैन, निलांजन दत्ता, प्रदीप सिंह,राहुल जैन उपस्थित रहे। स्वागत भाषण निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने दिया। वहीं निवर्तमान सचिव निलांजन दत्ता ने सचिव प्रतिवेदन पेश किया। निवर्तमान सत्र के दौरान बढ़िया काम करने वाले सदस्यों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नए सत्र के अध्यक्ष संजय अग्रवाल की टीम ने शपथ ग्रहण किया। जिसमें उपाध्यक्ष संजय जैन,सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में राहुल जैन,कमलेश्वर सिंह, निलांजन दत्ता,राजेश मोदी,विजय पोद्दार,प्रदीप सिंह को पिन देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवम राहुल जैन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। इस मौके पर क्लब के नए अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि क्लब वर्षों से जो प्रोजेक्ट करते आ रहा है। उसे आनेवाले समय में भी जारी रखा जाएगा। क्लब का समाज सेवा के क्षेत्र में पुराना इतिहास रहा है । हम इस परंपरा को जारी रखेंगे। जबकि सचिव विजय कुमार ने आन वाले समय में आयोजित किये जानेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी को रोटरी पिन पहनाकर रोटरी क्लब रामगढ़ का ओनेरी मेंबर बनाया गया। संजय कुमार एवम पलविंदर सिंह को रोटरी पिन पहनाकर रोटरी क्लब रामगढ़ का सदस्य बनाया गया।सह-जिलापाल धीरज सिंह ने नए सत्र के पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 141 परिवारों का घर जर्जर अवस्था में चिन्हित सर्वेक्षण जारी

# आवश्यकतानुसार आगे भी तैयार की जाएगी सूची : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड की कुल 141 मकान को जर्जर अवस्था में चिन्हित किया गया है. प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह सभी मकान लगभग जर्जर स्थिति में है. जिसे पीएम आवास आवंटन के लिए जिला कार्यालय को सूची भेजी गई है. जिला कार्यालय भेजी गई सूची में कोनरा पंचायत में 7, बरही पूर्वी में 10, बरही पश्चिमी में 5, बेंदगी में 5, करसो में 8, खोड़ाहार में 9, केदारुत में 10, गौरिया करमा में 7, बसरिया उर्फ पंचमाधव में 8, करियातपुर में 7, दुलमहा में 5, धनवार में 5, रसोईया धमना में 9, बरसोत में 10, रानीचुआ में 8, विजैया में 5, भंडारों में 6, मलकोको में 5 और कोल्हुआकला में 5 परिवार का मकान शामिल है. बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि सर्वेक्षण का काम आगे भी जारी है. आवश्यकतानुसार आगे भी सूची तैयार कर जिला भेजा जाएगा. ज्ञात हो कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के वैसे सभी जर्जर घर का सर्वे किया जा रहा है जो बिल्कुल हीं जर्जर अवस्था में है. जिसे आपदा के तहत सर्वे कर सूची बनाई जा रही है. जिसका भी मकान जर्जर अवस्था में होगा उसे लाभी दिया जाएगा। लगातार हो रही है बारिश से लोगों का बच्चे मकान में रहना मुश्किल हो गया है। घरों के गिरने से जानमाल का भी नुकसान हो रहा है। सरकार वैसे लोगों को ला नजर बनाए हुए रखी है जो लाभ मिल सके।

### महिलाओं ने शिवालय में किया जलाभिषेक

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी में शिव चर्चा महिला समुह के महिलाऐं रानी पाठक, पुष्पा देवी एवं प्यासी देवी के नेतृत्व में जल यात्रा निकाली गई। अमनारी शिव मंदिर से निकल कर गांव भ्रमण करते हुए बौधा डैम में जल उठाकर गांव के दोनों शिव मंदिर जलाभिषेक किया। जल यात्रा में महिलाओं ने जयकारे के साथ बौधा डैम पहुंचे। पंडित केदार पांडेय, उपेंद्र पांडेय एवं सुरेश पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरे। पूरा क्षेत्र बोल बम की जयकारे से गुंज उठा। जल यात्रा में जिप सदस्य रामप्रसाद, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर कुमार, कृष्णा प्रसाद, आरती देवी, मिनी अग्रवाल, आशा कुमारी समेत अन्य महिलाएं शामिल थे। सोमवार को पूरा शिवालय महिलाओं से भरा पड़ा था। हर कोई अपने-अपने हाथों पूजा की थानी लेकर खड़ी थी।

### क्षेत्र में मुलवासी व आदिवासी का बड़े पैमाने धर्म परिवर्तन की साजिश : सिसोदिया

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के अरगड़ा में हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराने वाले गेंग पर हिन्दू टाइगर फोर्स ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दरअसल रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन का खेल जोरों से चल रहा है। इसी दौरान रविवार को अरगड़ा के ग्रामीणों ने हिन्दू टाइगर फोर्स को सूचना दिया कि बाहर से कुछ लोग आकर यहाँ गलत तरीके से धर्म परिवर्तन करवा रहे थे। तभी एचटीएफ ने धर्म परिवर्तन कराने वाले टीम को धर दबोचा पर कुछ लोग फरार होने में सफल हो गए। मौके पर एचटीएफ के सुप्रीमो दीपक सिसोदिया ने कहा कि भोले भाले हिन्दुओं को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने की साजिश चल रही थी। कई महिलाएं जिनके मांग में सिंदूर थी और उनको हिन्दू देवी -देवताओं के बारे में गलत बाते बताकर धर्म परिवर्तन कराने का कोशिश किया जा रहा था। जबकि, झारखण्ड में धर्म परिवर्तन को लेकर प्रतिबंद्ध है। उन्होंने कहा कि क़ानून का उल्लंघन कर हिन्दुओं को बरगलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मुलवासी और आदिवासी का बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन करने की साजिश चल रही है।

### विनोबा भावे में 4-वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड में नामांकन के लिए प्रक्रिया प्रारंभ

# कुल 100 सीटों पर होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चांसलर पोर्टल द्वारा ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 है। उक्त जानकारी देते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉक्टर कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी आवेदकों को अपने प्रमाण पत्रों के साथ विभाग द्वारा आयोजित ऑफलाइन काउंसलिंग में भाग लेना होगा। बीएससी-बीएड में नामांकन के लिए इच्छुक आवेदकों का काउंसलिंग 13 से 18 अगस्त को तथा बीए-बीएड में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग 19 से 21 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। मेधा सूची का प्रकाशन 1 सितंबर 2025 को विश्वविद्यालय के वेबसाइट में किया जाएगा। मेधा सूची में चयनित विद्यार्थी 2 से 10 सितंबर तक ऑनलाइन नामांकन ले सकेंगे। नामांकन के समय कक्षा प्रारंभ होने की तिथि की जानकारी दी जाएगी।

#### विजय कुजुर बने स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग के नए विभागाध्यक्ष



हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक विजय कुजुर को दर्शनशास्त्र विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने 21 जुलाई को अधिसूचना जारी कर दी है। विजय कुजुर वर्ष 2008 से विश्वविद्यालय के पीजी दर्शनशास्त्र विभाग में सेवा दे रहे हैं और विभाग में 17 वर्षों से अध्ययन-अध्यापन कार्य से जुड़े हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक शोध आलेख प्रकाशित किए हैं। आदिवासी और जनजातीय जीवन दर्शन तथा धर्म दर्शन पर उनके व्याख्यान विशेष रुप से सराहे जाते हैं। विजय कुजूर न केवल एक कुशल शिक्षक हैं, बल्कि वे विभागीय परीक्षा समिति की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक निभाते रहे हैं। साथ ही वे विश्वविद्यालय के खेल विभाग के सक्रिय सदस्य भी हैं। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह ने जानकारी दी कि विजय कुजुर 23 जुलाई को औपचारिक रुप से विभागाध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. यामिनी सहाय, डॉ. अमित कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

## सवा लाख दूब घास से किया गया शिव का पूजन

**हजारीबा।** सावन के दूसरे सोमवारी को बड़ा अखाड़ा ठाकुरवारी प्रांगण में सवा लाख दूब घास से भोले बाबा का पूजन किया गया। प्रांगण में सबसे पहले बाबा भोलेनाथ का वैदिक पूजन व रुद्राभिषेक मनोकामना धाम में किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए महंत विजयानंददास ने बताया कि दूर्वा घास बाबा भोले पर अर्पण करने से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। गुरुकुल वेद विद्यालय के आचार्य ने दुग्धाभिषेक किया एवं दूर्वा अर्पण कर सिंगार पुजारी धनंजय प्रकाश एवं सत्यम शास्त्री ने वैदिक पूजन किया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बड़कागांव ।** थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में बड़कागांव पुलिस के द्वारा बड़कागांव - हजारीबाग मुख्य सड़क में दो अलग-अलग स्थानों पर टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन जांच किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हेलमेट , सीट बेल्ट , बाईक पर तीन सवारी आदी से संबंधित जांच किया गया।बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि वाहन जांच यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई।जांच के दौरान वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच कर यह सुनिश्चित कर हिदायत दिया गया कि यातायात नियमों का पालन करें।वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## नईसराय में विवादित भूमि पर लगा गुमटी हटा, हंगामा

**रामगढ़।** छावनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईसराय के समीप पुराने एनएच - 33 पर एक दिन पूर्व गुमटी रखकर कब्जा का प्रयास हुआ। देखते ही देखते आसपास परिसर का पूरा भूखंड पर बांस - बल्ली के सहारे कब्जा का खेल शुरु हुआ। दुकान नुमा आकार देकर कब्जाधारियों ने करीब आधा दर्जन गुमटी लगाने की व्यवस्था कर ली। अगले दिन रविवार को इसकी सूचना नईसराय के स्थानीय लोगों को हुई। इसके बाद सुबह ही सैंकड़ों लोग जुट गए। पूरे प्रकरण का विरोध करते हुए हंगामा मचाना शुरु कर दिया गया। इस बीच कब्जाधारियों का काफी विरोध हुआ। सभी हरहाल में स्थापित गुमटी सहित सभी प्रकार के बांस बल्ली को हटाने की मांग करने लगे। अंतिम में स्थानीय लोगों की उग्र भीड़ ने खुद ही एकजुट होकर वहां से गुमटी हटा दिया। साथ ही समीप में लगे सभी बांस - बल्ली को उखाड़ फेंका। इस कारण कब्जाधारियों की दुकान लगाने की अरमान धरी की धरी रह गई। स्थानीय लोगों ने भविष्य में किसी प्रकार की अवैध कब्जा को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही। प्रत्यक्षदर्शी माफियाओं के सहयोग से कब्जा की चर्चा कर रहे थे। उनका कहना था कि परदे के पीछे से कुछ लोग कब्जाधारियों को सहयोग करते हैं। सामने आने की उनका हिम्मत नहीं होता है। अवैध कब्जा होने से लोगा किसी तरह से बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। सभी लोगों ने अपने सुझबुझ से इस मामले को हल कर दिया है, जो काफी उल्झा हुआ लग रहा था। भविष्य में ऐसी बात नहीं होने दी जाएगी।

**कार्यक्रम** जेएलकेएम ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक कहा

# जमीन हमारी, पूंजी तुम्हारी,बराबर की होगी हिस्सेदारी : जयराम महतो

- जमीन अगर एक बार आपका हाथ से निकल गया तो जिंदगी भर सिर्फ अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं बचेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले रैयत विस्थापित महासभा का आयोजन सोमवार को केदला बस्ती में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो उपस्थित हुए। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड राज्य अलग होने के बावजूद यहां के लोगों को हक व अधिकार नहीं मिला। जमीन हमारी मां है, जिस पर हम अनाज पैदा करते हैं, अपना और अपने परिवार के साथ-साथ जीव ,जंतु, पशु पक्षियों का भी पेट भरते हैं। जमीन किसी को लेने या छिनने नहीं देंगे अगर कोई कंपनी जमीन लेता है तो उसे सीधा कहिए की जमीन हमारी, पूंजी तुम्हारी बराबर की होगी हिस्सेदारी। जमीन अगर एक बार आपका हाथ से निकल गया तो जिंदगी भर सिर्फ अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। यहां के लोगों ने सीसीएल और टाटा कंपनी को जमीन दी है ,लेकिन उन्हें उचित नौकरी व मुआवजा नहीं मिला। यहां सीसीएल का परियोजना चल रही है, लेकिन सीसीएल में बाहर के लोग अधिकारी हैं। बाहर के लोग यहां ठेकेदारी कर रहे हैं। इसलिए लोगों को अपने हक अधिकार के लिए गोल बंद होने की जरूरत है। विधानसभा सत्र में विस्थापन का मुद्दा मजबूती के साथ उठाने का प्रयास करूंगा । विस्थापन नीति नहीं रहने के कारण लोग आज अपना जमीन देकर भी अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। झारखंड वासियों के सामने आज कई चुनौतियां हैं। सरकारी व निजी कंपनियों में झारखंड के लोगों नौकरी नहीं मिल रही है। कंपनियों में नो एंट्री लगा दी है ।

## हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा सभी शिवालय

**हजारीबाग।** सावन की दुसरी सोमवारी को हर हर महादेव के उद्घोष से शहर के शिवालय गुंजायमान होते रहे। शिव मंदिरो मे हजारो शिवभक्तो ने जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों के पट तीन बजे भोर से ही खोल दिए गए थे। जिसके कारण मंदिरों में शिवभक्तो का आगमन शुरू हो गया था। सोमवार को हजारों की संख्या में महिला पुरुष कांवरियों ने भी जलाभिषेक किया। एकादशी और द्वादशी के शुभ संयोगों के बीच विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वही कई शिव मंदिरों में हुए रुद्राभिषेक सहित कई बड़े अनुष्ठान आयोजित हुए। शिव मंदिरों में कतारबद्ध होकर पुरूष महिलाओं ने जलाभिषेक किया। शिव मंदिर में पूजा के लिए अतिरिक्त पुलिस और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की गई थी। शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर, पंच मंदिर सहित प्रमुख शिवालयों में बाबा का भव्य श्रृंगार हुआ। सावन की दुसरी सोमवारी जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों के शिवालयोंमें में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। दिन भर हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिवभक्त सबह से शिवालयों में पहुंचने लगे थे। भक्तों की सुविधा के लिए इंतजाम भी किये गए थे। जलाभिषेक को लेकर लोग कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। बारी आने पर दूध जलाभिषेक कर चंदन अक्षत चढ़ाया। फूल बेलपत्र और धूप दीप अर्पित किया फिर भोग लगाया। दुसरी सोमवारी को लेकर महिलाओं में ज्यादा उत्साह दिखा। महिलाओं ने सोमवारी उपवास कर पूजा अर्चना की। शहर के पंच मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर सहित कई शिवामदिरों में महिलाओं की टोली कीर्तन भजन करती नजर आई। वही कई भक्तों ने सावन के दुसरी सोमवारी के पावन मौके पर रुद्राभिषेक किया। दुसरी सोमवारी को भगवान शिव को प्रसन्न करने महामृत्युंजय जप का अनुष्ठान किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कई शिव मंदिरों मे पुलिस बल तैनात थे। यातायात नियंत्रण को लेकर बुढ़वा महादेव मन्दिर के पास बेरेकेटिग कर दी गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट 2025 का विजेता बना श्री गुरु नानक स्कूल



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल की अंडर-19 बालक खो-खो टीम झारखंड और बिहार राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट 2025 की विजेता बना। इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और साथी छात्रों ने विजेताओं पर पुष्पवर्षा की। खिलाड़ियों को मालाएँ पहनाई गईं और खेल के पीछे के मार्गदर्शकों को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया - उनके अटूट समर्पण और खेल भावना की प्रशंसा कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने टीमों की सराहना करते हुए कहा यह जीत सिर्फ़ एक जीत नहीं है, बल्कि समर्पण, अनुशासन और टीम वर्क से हासिल की जा सकने वाली उपलब्धियों का प्रतीक है। हमें अपने युवा सितारों पर बेहद गर्व है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रत्येक खिलाड़ी के प्रयास की व्यक्तिगत रूप से सराहना की। उनके इस कदम ने इस ऐतिहासिक उत्सव के गौरव और आनंद को और बढ़ा दिया। कड़ी मेहनत को ऐतिहासिक जीत में बदलने के लिए सभी टीम सदस्यों और मार्गदर्शकों को बधाई। जीत पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदीप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा , सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा , सरदार गुरप्रीत सिंह चाना और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जगी ने सभी खिलाड़ियों के मेहनत की प्रशंसा की शुभकामनाएं दीं।

### दूसरी सोमवारी पर मनोकामनेश्वर मंदिर में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़



**बरही।** श्रावण के दूसरी सोमवारी पर भी मनोकामनेश्वर मंदिर में जलार्पण के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहा। अहले सुबह शिव भक्तों का जत्था बराकर नदी पहुंचकर पवित्र गंगा जल लिया और पदयात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां मंदिर के पुजारी अनुज ऊर्फ छोटू पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शिवभक्तों ने भगवान भोले का जलाभिषेक किया। विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता की अगुवाई में निकले पदयात्रा में दर्जनों स्त्री, पुरुष, युवक-युवती सहित कई बच्चे शामिल थे। श्री गुप्ता ने बताता कि धर्मशास्त्रों में श्रावण मास का विशेष महत्व बताया गया है। यह महीना भगवान भोले को काफी प्रिय है। सोमवार चंद्रदेव का दिन माना जाता है। जो भगवान भोले के मस्तक पर विराजमान हैं। सनातन में सोमवार के जलाभिषेक का विशेष महत्व है। यही कारण हैं कि अधिकाधिक सनातनी इस दिन शिव के जलार्पण के लिए ललायित होते हैं। यही स्थिति अन्य शिवालयों में देखा गया। जहां शिव भक्तों ने भगवान भोले को जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

### लौह फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषण के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण



**बरही ।** जियाडा स्थित लौह इस्पात की फैक्ट्रियों से निकलने धुआं को लेकर स्थानीय लोग गोलबंद हो चुके हैं. रविवार को स्थानीय पंचायत समिति सदस्य कोनरा-1 मो यूसुफ की अध्यक्षता व कोनरा - 2 पंसस प्रतिनिधि मो सगीर के संचालन में कोनरा पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमे दर्जनों लोग शामिल हुए. उपस्थित लोगों ने फैक्ट्री से प्रदूषण फैलने की बात कहते हुए चिमनी से निकलने वाले धुएं का जोरदार विरोध किया. लोगों ने बताया कि फैक्ट्रियां धुआं के रूप में जहर उगल रही है. जिससे फैक्ट्री के आस पास रहने वाले लोगो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. लोगों की माने तो प्रदूषण के कारण कई लोग टीवी जैसे गंभीर रोग से ग्रसित हो गए हैं तो कुछ की जानें भी गई है. फैक्ट्री का प्रदूषण स्थानीय लोगों के लिए हानिकारक बन चुका है. जिसका प्रदूषण की बैठक में कई बार विरोध भी किया गया है. पदाधिकारियों से भी शिकायत किए गए हैं. परंतु स्थिति सुधर के स्थान पर बदतर होता जा रहा है. इसके समाधान के लिए सबों ने अपने विचार दिए. विचारोपरांत प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया. लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर - बैनर, लिफलेट्स वितरण के साथ फैक्ट्री क्षेत्र में होने वाले डीप बोरिंग का विरोध किया गया.

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू हजारीबाग में प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक आयोजित

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सोमवार को कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैंक्वेट हॉल में संगठन सृजन 2025 के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण व नगर निकाय चुनाव की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के पहले सत्र में कार्यकर्ताओं को राजनीतिक प्रशिक्षण दिया गया, वहीं दूसरे सत्र में चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रखंड व नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, पूर्व मंत्री और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि उप प्रभारी डॉ सिरीवेला प्रसाद व विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रहे। नेताओं ने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और हर गांव-टोला तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। वक्ताओं में बादल पत्रलेख, जयप्रकाश भाई पटेल, ममता देवी, शहजादा अनवर, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने विचार रखे।

### गुरु चेला कांवरिया संघ के 50 शिवभक्त बाबा धाम हुए रवाना

**रामगढ़।** गुरु चेला कांवरिया संघ गोलपार के सदस्य सोमवार को बाबा धाम के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व छावनी परिषद रामगढ़ निवर्तमान उपाध्यक्ष अनमोल सिंह और सुनील मालाकार ने सभी को भगवा गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया। साथ ही बेहतर यात्रा की शुभकामना दी। कांवरिया संघ के सदस्य काजू चंद्रवंशी ने कहा कि 21 साल से लगातार प्रत्येक वर्ष गुरु चेला कांवरिया संघ बाबा जा रहा है। इसमें प्रत्येक वर्ष शिव भक्तों की संख्या बढ़ रही है। इस बार बाबाधाम जाने वाले में 50 शिव भक्त शामिल हैं। इस बीच सभी बोल बल, जय भोलेनाथ आदि का नारा लगाते हुए गोलपार से रवाना हुए। इसमें मुख्य रुप से काजू चंद्रवंशी, अमर झा, मोहन वर्मा, प्रदीप जायसवाल, सतीश कुमार, पीयूष वर्मा, चंदन यादव आदि शामिल हैं।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने थाना प्रभारियों को बताई बारीकियां

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** सिमडेगा की विधि व्यवस्था के मद्देनजर सिमडेगा एसपी एम अर्शी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सभी थानों के केस रिव्यू और अनुसंधान की बारिकियों को सुदृढ बनाने सहित त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को एसपी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

किसी केस में अनुसंधान जितनी अच्छी होगी केस डायरी भी उतनी हीं मजबूत बनेगी। केस डायरी मजबूत होगी तो अपराधी को सजा भी जल्द मिलेगी। सिमडेगा एसपी एम अर्शी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग आयोजित कर अनुसंधान और विधि व्यवस्था नियंत्रण संबंधी बारीकियां बताई गई। जिससे अनुसंधान के दौरान कोई कमी नहीं रहे और अपराधी को सजा मिले। क्राइम मीटिंग में सभी थानों के लंबित कांडो का रिव्यू करते हुए एसपी ने अनुसंधान की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ हीं अपराध नियंत्रण, नक्सल नियंत्रण आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए एसपी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने क्षेत्र में एलआरपी आदि अभियान को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

क्राइम मीटिंग के एसपी ने दौरान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात पर चर्चा किए। उन्होंने इसके मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक तथा अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## महिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली न्याय मार्च

# बेटियों को सुरक्षा और इंसाफ चाहिए: जोसिमा

● मोदी सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

नवीन मेल संवाददाता







**सिमडेगा।** महिला कांग्रेस जिला कमेटी के द्वारा शहर में सोमवार को नारी न्याय अभियान के तहत न्याय मार्च निकाली गई। न्याय मार्च वीर बुधु भगत चौक से शुरु होकर नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक गई। इसके बाद पुनः वापस लौटते हुए महावीर चौक पहुंची। जहां सभा का आयोजन हुआ। महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष जिप सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में निकाली गई न्याय मार्च में जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि आज बेटियों की सुरक्षा को लेकर देश में नारा फैल गया है। जबकि हालात और बिगड़ गए हैं। केंद्र सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अब सिर्फ पोस्टरों में है। जमीनी सच्चाई ये है कि बेटियों को न सुरक्षा मिल रही है और न ही इंसाफ। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था। उस वक्त हम सबको उम्मीद थी कि देश की बेटियां अब सुरक्षित होंगी, सम्मानित होंगी और आगे बढ़ेंगी। लेकिन आज सच कुछ और है। जोसिमा ने कहा कि सबसे बुरा हाल भाजपा शासित राज्यों की बेटियों की है। उन्नाव में भाजपा विधायक ने नाबालिग से बलात्कार किया। पीड़िता को जलाने की कोशिश की गई। हाथरस में दलित बेटी के साथ गैंगरेप कर रात में अंतिम संस्कार किया गया। जबकि परिजनों को अंतिम दर्शन तक नहीं होने दिया गया। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया। जबकि 80 दिन तक प्रधानमंत्री मौन रहे। जोसिमा ने कहा कि आज पूरे देश में बेटियां असुरक्षित हैं और अफ़सोस इस बात का है कि मोदी सरकार मौन है। कानून कमजोर है और अपराधी बेलगाम हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच साफ है बेटी का अधिकार जरूरी है, प्रचार नहीं। कांग्रेस नारे नहीं देती, नीति बनाती है, योजनाएं लागू करती है। महिला आयोग को सक्रिय बनाना, फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट बढ़ाना, महिला हेल्पलाइन मज़बूत करना हमारे एजेंडे में है। अब बेटियां डरने वाली नहीं एकजुट होकर बदलाव लाएंगी। मौके पर पीसीसी डेलिगेट सह सेवादल अध्यक्ष सेमरोम पॉल तोपनो, पीसीसी डेलीगेट कौशल किशोर रोहिल्ला, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला परिषद सदस्य सह महिला जिला उपाध्यक्ष प्रेमा बाड़ा, जिला उपाध्यक्ष लीला नाग, सेवादल महिला प्रदेशमहा सचिव साजदा खातून, जिला प्रवक्ता सह जिला मीडिया चेयरमैन रणधीर रंजन एवं अरविंद लुगुन, जिला महासचिव प्रतिमा कुजूर सहित कई कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रेंज पुलिस ड्यूटी मीट में मेडल पाने वाले पुलिसकर्मी हुए पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** रांची में आयोजित रेंज पुलिस ड्यूटी मीट में मेडल पाने वाले पुलिसकर्मियों को सिमडेगा एसपी में पुरस्कृत किया। बता दें कि रांची में आयोजित रेंज पुलिस ड्यूटी मीट मैं सिमडेगा ओवरऑल अच्छा प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। सिमडेगा के कई पुलिस कर्मियों को गोल्ड और रजत और कास्य मेडल से नवाजा गया। पुलिस मीट के दौरान मेडल जीतने वाले पुलिसकर्मियों को आज सिमडेगा एसपी ने अपने कार्यालय में उपहार देकर पुरस्कृत किया।

मेडल जीतने वालों में पुअनि मनोहर कुमार मठपति स्वर्ण, पुअनि विवेक कुमार स्वर्ण, पुअनि सोनू पाठक स्वर्ण, पुअनि पंकज प्रमाणिक रजत, पुअनि विद्यासागर चौरसिया रजत, पुअनि मुरताज अंसारी रजत और पुअनि हर्ष कुमार शाह को कांस्य पदक मिला है। एसपी ने सोमवार को सभी को पुरस्कृत किए।

## बारिश से तीन ग्रामीणों के घर ढहे, मदद की गुहार

**कोलेबिरा।** प्रखंड में बीते दिनों हुई लगातार बारिश के कारण शाहपुर पंचायत अंतर्गत बंबोटोली गांव में तीन ग्रामीणों के मिट्टी के घर ढह गए। प्रभावित ग्रामीणों में सुलेमान खान, तौफीक खान और नारायण मिश्रा शामिल हैं।बारिश से घर का एक हिस्सा गिर जाने के कारण सभी परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मुआवजा और नवीन आवास निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण घरों की दीवारें कमजोर हो चुकी थीं, जिससे यह हादसा हुआ।

# कांवर यात्रा की तैयारी को लेकर बनी रणनीति

एजेंसी। सिमडेगा




कांवरिया सेवा संघ की बैठक विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में संघ के अध्यक्ष प्रशन्न कुमार सिंह उर्फ पिंटू की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में जिलेभर के संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों को यात्रा की तैयारी एवं जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कांवर यात्रा 26 जुलाई को सिमडेगा से प्रारंभ होगी और श्रद्धालु वेदव्यास पहुंचकर गंगाजल भरकर पुनः सिमडेगा की ओर लौटेंगे।

इस दौरान पहला रात्रि विश्राम बिरमित्रापुर में तथा 27 जुलाई को दूसरा विश्राम टुकूपानी में किया जाएगा। टुकूपानी में रात्रि जागरण, भजन संध्या एवं शिव तांडव का आयोजन होगा, जिसमें बाहरी कलाकार प्रस्तुति देंगे। 28 जुलाई की सुबह सभी कांवरिया सलडेगा स्थित सरना मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा मार्ग में कांवरियों के लिए जगह-जगह पर भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की जा रही है।अध्यक्ष पिंटू ने बताया कि संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य मिलकर कार्य करेंगे और समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय लोगों से सहयोग राशि चंदे के रूप में एकत्र करने की भी अपील की गई है।बैठक में संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और यात्रा को सफल बनाने हेतु सामूहिक रूप से तैयारी में जुटे हैं।

## विधायक का जनता दरबार 24 को

**कोलेबिरा।** 24 जुलाई को कोलेबिरा प्रखंड परिसर में सुबह 10:00 बजे से जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस जनता दरबार की अध्यक्षता कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी करेंगे।कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन के सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहाँ आमजन अपनी समस्याओं को सीधे संबंधित विभाग के समक्ष रख सकेंगे। जनप्रतिनिधियों में जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य समेत प्रखंड क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।जनता दरबार में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए विभागों को निर्देशित किया गया है। विधायक श्री कोनगाड़ी ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनता दरबार का लाभ उठाएं।इसकी जानकारी कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग ने दी।



## नवाटोली में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

**केरसई।** प्रखंड अंतर्गत नवा टोली में पिछले कई दिनों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अब बदला जा चुका है। ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना प्रखंड अध्यक्ष प्रेम प्रकाश किंडो को दी गई, जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए जिला सचिव सफीक खान से संपर्क किया।जिला सचिव सफीक खान ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिस पर कार्यपालक अभियंता ने तुरंत नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया। ट्रांसफारमर लगने के बाद पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।नवा टोली के ग्रामीणों ने रिबन काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में प्रखंड अध्यक्ष प्रेम प्रकाश किंडो, सचिव रोशन लकड़ा, केरसई पंचायत अध्यक्ष पत्रिक टोप्पो सहित कई पंचायत पदाधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और सरकार के प्रति भरोसा जताया।



## सिमडेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

सिमडेगा। सिमडेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं व्यवसायी मिलन समारोह मंगलवार को आनंद भवन में अपराह्न 12:15 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी एवं रांची चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर पूरे जिले से चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य भाग लेंगे। चेंबर अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी और सदस्यों को चेंबर के प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। श्री अग्रवाल ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सभी व्यवसायियों से मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के तहत अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने का भी आग्रह किया है।

# पबुड़ा पंचायत में बारिश से क्षतिग्रस्त घरों का हुआ भौतिक सत्यापन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के पबुड़ा पंचायत में लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घरों का मुखिया सह झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक बरला और पंचायत सचिव देवीलाल ओहदार ने भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने आबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास एवं अंबेडकर आवास योजना के तहत पीड़ितों को आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमांग निवासी फुलवंती देवी, निमतुर गांव की कली बड़ाइक, पबुड़ा गांव की पुनिता देवी और रूगड़ु पहान के क्षतिग्रस्त घरों का जायजा लिया। सभी ने बताया कि उनका मिट्टी का घर बारिश में पूरी तरह से ध्वस्त हो गया, जिससे भारी परेशानी हो रही है।श्री बरला ने कहा कि अंचल कार्यालय के माध्यम से क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और वरियता के आधार पर आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र मदद की अपील की है।

## हाइवा की चपेट में आने से दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर



**बानो।** महाबुआंग थाना क्षेत्र के रायकामोड़ के पास सोमवार को एक हाईवा और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना में मोटरसाइकिल चालक मनोहर सिंह (उम्र 19 वर्ष) के बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पीछे बैठे रायका सिकोरदा निवासी सामसोंग कंडुलना का दोनों पैर टूट गया है। घायल मनोहर सिंह ने बताया कि वे कुरकुरा से रायका की ओर जा रहे थे, उसी दौरान ईंट लदा हाईवा जो बानो से चोरबांदु की ओर जा रहा था, उनकी बाइक से टकरा गया।घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सामसोंग की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंदरचुंआ स्वास्थ्य उप केंद्र तालाब में तब्दील

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचूआ पंचायत अंतर्गत बंदरचूआ खास गांव में अवस्थित स्वास्थ्य उप केंद्र लगातार बारिश के चलते तालाब में तब्दील हो गई है। जिसके चलते स्वास्थ्य कर्मियों एवं रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बतलाया कि लगातार वारिस होने के चलते उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पानी भर गई है लोगों के घुटनों तक पानी जमा हो गई है केंद्र के अंदर भी वर्षा का पानी चला गया है जिसके चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्वास्थ कर्मी वैसी अवस्था में अपना कर्तव्य निर्वाह कर रहे हैं। इधर इस बात की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया विलियम समद स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण किया तो उन्होंने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर बरसात का पानी भर गई है जो घुटनों तक पहुंच रहा है स्वास्थ्य केंद्र के कमरों के अंदर भी पानी चला गया है जिसके चलते स्वस्थ कर्मियों एवं ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना है इसके बावजूद स्वास्थ्य कर्मी अपना कार्य बखूबी निभा रहे हैं. इस संबंध में उन्होंने जिले के बरिये पदाधिकारी से ध्यान देने की अपील की है की बरसात के दिनों में लोगों को समस्या नहीं उत्पन्न हो। केंद्र स्वास्थ कर्मी ने बतलाया कि कुछ वर्ष पूर्व स्वास्थ्य केंद्र के बगल के रास्ते में पीसीसी पथ बनाई गई है पीसीसी पथ बन जाने के कारण पानी का निकासी नहीं हो पाती है जिसके चलते बरसात के दोनों स्वास्थ्य केंद्र में पानी भर आता है जिसके चलते कार्य करने में थोड़ी परेशानी होती है।

## विधायक की पहल पर हाटिंगहोड़े आवासीय विद्यालय को मिला नया ट्रांसफॉर्मर

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत साहूबेड़ा पंचायत के हाटिंगहोड़े गांव स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय में विद्युत आपूर्ति की समस्या अब समाप्त हो गई है। विद्यालय में कई दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब पड़ा था, जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कठिनाई हो रही थी।विद्यालय प्रबंधन द्वारा समस्या को लेकर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को आवेदन सौंपा गया था। विधायक ने त्वरित पहल करते हुए बिजली विभाग से समन्वय कर नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया और विद्यालय को दोबारा विद्युत सुविधा से जोड़ दिया।इस अवसर पर झामुमो बानो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, तुरतन गुड़िया, पंचायत मुखिया सुसाना जड़िया, पंचायत अध्यक्ष सेजन हेंब्रम, सचिव कामिल डांग, कोषाध्यक्ष फ्रांसिस मड़की, ग्रामसभा अध्यक्ष गोर्रा शांतियल हेंब्रम, सदस्य प्रीतम मसीह एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वासी डांग, शिक्षिका प्रतिमा कुमारी धान, छटन सिंह और विकास कुमार साहू सहित कई लोग उपस्थित रहे।स्थानीय ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने विधायक श्री गुड़िया का आभार जताया।

## दूसरी सोमवारी पर वनदुर्गा में सावन महोत्सव 901 कांवरियों ने किया जलाभिषेक



**बोलबा।** दूसरी सोमवार पर सावन महोत्सव का आयोजन वनदुर्गा धाम में श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बैलधोवा नदी से हुई, जहां पुरोहित परमेश्वर पाण्डा ने विधिवत जल पूजन कर कांवरियों के साथ जल उठाया। वहां से भक्तगण नाचते-गाते मां वनदुर्गा परिसर स्थित शिव मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में महाआरती और पूजा संपन्न हुई। पूजा के पश्चात वनदुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें 901 कांवरियों ने जलाभिषेक किया और हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बनी जलडेगा की पूनम

● डेढ़ लाख रुपए ऋण लेकर गांव में खोली बेकरी फॉर्म

आलोक कुमार साहू





**जलडेगा।** कभी घरेलू कामकाज तक सीमित रही महिला ने बिजनेस शुरू किया। काम के साथ आय बढ़ती गई और कई फील्ड में सफलता के साथ समाज में मिसाल बन गई। सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड में रहने वाली पुनम देवी की कहानी काफी दिलचस्प और प्रेरणादाई है। छोटे से गांव बराईबेड़ा की रहने वाली पुनम ने घर के कामकाज से निकल कर परिवार में आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए महिला समूह से जुड़ी और आज "बिज़नेस वुमन" बन गई। पुनम आज उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है जो हड़िया - दारू बेचकर अपना परिवार चलाते हैं। छोटे से गांव में रहने के बाद भी रिस्क लेकर ऋण पैसा का उपयोग कैसे करना चाहिए ये पुनम से सीखने की जरूरत है। साधारण परिवार की रहने वाली पुनम की पढ़ाई इंटर तक हुई है, समूह से जुड़ने के बाद जब पुनम को पता चला कि इस डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ने के लिए कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य है तब उन्होंने जलडेगा के सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर से अपनी कंप्यूटर शिक्षा भी पूरी की। गांव से लेकर प्रखंड तक पुनम को सभी केक वाली दीदी के नाम से पहचानते हैं। वर्ष 2017 में शिव आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर पुनम को काफी मदद मिली। इसी से पुनम की ज़िंदगी में बदलाव आ गया। पुनम बताती है-"समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने परिवार की स्थिति को सुधारने के लिए गांव में बेकरी फॉर्म खोलने का योजना बनाया, जिसके बाद उन्होंने अपने पति गुरुचरण मांझी से बात कर समूह से डेढ़ लाख रुपए का ऋण लिया। और पंजाब से बेकरी मशीन खरीद ली। पुनम बताती है कि उनके घर में कई तरह के केक, क्रीम रोल, क्रीम बन, ब्रेड, कचौड़ी आदि बनाया जाता है। स्थानीय बाजारों और दुकानों में अब पुनम ऑर्डर भी लेती है और उन्हें होलसेल रेट में अपना सामान बेचती है। पुनम ने अपने बेकरी फॉर्म में 5 अन्य लोगों को भी काम पर रखा है जिसे वो मासिक पैसे भी भुगतान करती है। आज पूनम लगभग 20 दुकानों में अपने बेकरी का बनाया हुआ सामान देती है। और हर दिन लगभग एक हजार रुपए कमाती है। लगातार 7 साल की मेहनत के बाद पुनम की आर्थिक स्थिति में तेज़ी से सुधार हुआ। पुनम आगे बताती है-"मेरे परिवार में कुछ खेती के ज़मीन भी है। मैंने और मेरे पति ने लीड्स संस्था से कृषि कार्य से संबंधित निशुल्क प्रशिक्षण ली और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए समूह की महिलाओं को भी प्रोत्साहित कर रही हूं। आगे उन्होंने कहा कि वे लीड्स संस्था की सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, जहां से उन्हें बीच बीच में संस्था द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। जिसे पुनम अन्य लोगों को भी जागरूक कर के उन्हें योजनाओं से जोड़ने में मदद करती है। वहीं खेती - बाड़ी और कृषि के क्षेत्र में पुनम की रुचि को देखते हुए लीड्स संस्था द्वारा उन्हें एक एकड़ में लगाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले आम पौधा भी दिए गए हैं।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर केतुंगाधाम शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

बानो। सावन की दूसरी सोमवारी और कामिका एकादशी पर केतुंगाधाम शिव मंदिर श्रद्धा, भक्ति और हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किए कांवरियों की टोलियां सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा तय कर बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचीं। मंदिर परिसर "बोल बम" और "श्री शिवाय नमस्तुभ्यं" के जयघोष से भक्तिमय हो गया। रविवार की शाम से ही कांवरियों की रैली बानो प्रखंड की सीमा में प्रवेश कर गई थी, जो सोमवार सुबह तक बिना थके बाबा के दर्शन को पहुंचते रहे। भारी बारिश के बावजूद भक्तों की आस्था डगमगाई नहीं और दिनभर पूजा अर्चना होती रही।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 76 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों को लाभान्वित किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पीएमइजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र शंभू शरण बैठा से उक्त तीनों योजना के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी ली गई जिस पर जानकारी देने के क्रम में महाप्रबंधक उद्योग केंद्र द्वारा बताया गया कि पीएमईजीपी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 72 लक्ष्य के विरुद्ध 76 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों को लाभान्वित किया गया है। वहीं इस साल अब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत लाभुकों को लाभ देने के संबंध में कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा योजना के द्वारा पीएम विश्वकर्मा एवं योजना का लाभ लेने के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत कुल 18 ट्रेड में आवेदन दिया जाता है। वर्तमान समय में पीएम विश्वकर्म योजना में कुल पांच ट्रेड में आवेदन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त के द्वारा योजना का प्रभावी संचालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। पीएमएफएमई योजना के संबंध में जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई की योजना के तहत खाद्य संबंधित क्षेत्र में कार्य करने हेतु इच्छुक लाभुकों को 35% का अनुदान दिया जाता है। इस दौरान उनके द्वारा योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाले लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त श्री आशीष अग्रवाल, जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, ईओडीबी मैनेजर, जिला समन्वयक पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला योग ग्रुप के सौजन्य से सावन महोत्सव का हुआ आयोजन




**लोहरदगा।** वार्ड संख्या-8 स्थित आनंद सरस्वती बाल निकेतन विद्यालय परिसर में महिला योग ग्रुप के तत्वावधान में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निवर्तमान वार्ड पार्षद अविनाश कौर एवं योगा ग्रुप की सभी महिलाओं द्वारा भगवान शिव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन, गीत-संगीत की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। साथ ही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संयुक्ता प्रजापति ने विजेता का स्थान प्राप्त किया। उन्हें निवर्तमान पार्षद अविनाश कौर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कौर ने कहा कि कॉलोनी की महिलाओं द्वारा इस प्रकार का आयोजन एक सराहनीय पहल है। सावन का महीना भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है और ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना बढ़ती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्ता देवी, अमृता कौर, कीर्ति समेत अखौरी कॉलोनी एवं संजय गांधी पथ की अनेक महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।.

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित बाइक ने डिवाइडर की टक्कर से युवक की मौत

**गांडेय,गिरिडीह।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के गिरिडीह टुंडी मुख्य मार्ग के अहिल्यापुर मोड़ के नजदीक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर गंभीर हो गया। ग्रामीणों और ताराटांड़ थाना के पुलिस के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया जो ईलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ताराटांड़ पंचायत अंतर्गत मंझलीटांड़ टोला के लगभग 40 वर्षीय निवासी हेमलाल सोरेन है जो अपने बाईक पर सवार होकर अपने घर मंझलीटांड़ से मुख्य मार्ग होते हुए गिरिडीह - टुंडी जा रहा था। इधर इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने में पुलिस जुटी हुई है।

### बाइक और साइकिल की टक्कर, एक युवक घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के सोय मोड़ के समीप सोमवार को बाइक और साइकिल के बीच टक्कर हो गई, जिसमें सुजीत बडिंग नामक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू भुइंया कोनसोदे से भिखराटोली की ओर जा रहा था, वहीं सुजीत बडिंग, जो लचरागढ़ कॉलेज में पढ़ाई करता है, कॉलेज से घर लौट रहा था। इसी दौरान सोय मोड़ के पास दोनों के वाहन आपस में टकरा गए।हादसे में सुजीत बडिंग को माथे पर चोट लगी है, जबकि राजू भुइंया को छाती में चोट आई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**कुरडेग ।** माइकल किंडो स्टेडियम, कुरडेग में पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए फुटबॉल प्रेमियों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें नसिर अंसारी को अध्यक्ष, निलिमा खाखा को सचिव, तौफीक अख्तर को उप सचिव एवं संतोष जयसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रतियोगिता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। उप सचिव तौफीक अख्तर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें किसी भी पंचायत से एक से अधिक टीमें भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता के विजेता टीम को 21,000 नकद तथा उपविजेता टीम को 11,000 नकद पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा।प्रतियोगिता की शुरुआत 5 अगस्त 2025 को की जाएगी जबकि फाइनल मुकाबला 15 अगस्त 2025 को खेला जाएगा। इच्छुक टीमें 3 अगस्त 2025 तक अपना पंजीकरण करा सकती हैं।प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

### उन्नति का पहिया" के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच साइकिलों का किया गया वितरण



**सिसई (गुमला)।** नौनिहालों का मार्ग सुगम बनाने के लिए झारखंड सरकार का महत्वकांक्षी योजना "उन्नति का पहिया" के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिसई के निर्देश अनुरूप 21 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025 - 26 के कक्षा आठवीं के एसटी, एससी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी श्रेणी के प्रखण्ड मुख्यालय सहित आठ विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के बीच प्रखण्ड प्रमुख मीना देवी ने 306 साइकिलों का वितरण किया। जिसमें प्रखण्ड मुख्यालय स्कूल सिसई - 81, कन्या मध्य विद्यालय सिसई - 21, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदरा - 24, राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय सिसई - 43, राजकीयकृत मध्य विद्यालय सकरौली - 36, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लकेया - 20, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांस टोली - 26, एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरगांव - 55 बालक और बालिकाओं को साइकिल दी गई। प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि दूर ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय आते हैं उन्हें आने जाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण बच्चे विद्यालय से ड्रॉपआउट कर जाते हैं इससे उनका शिक्षा पूर्ण नहीं हो पाता है जिस कारण उनका बौद्धिक विकास भी नहीं हो पाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार इस महत्वकांक्षी योजना "उन्नति का पहिया" को संचालित कर रही है। उन्होंने बालक बालिकाओं को साइकिल देते हुए कहा कि सभी बच्चे ये वादा करें कि अब कोई भी बच्चा विद्यालय से ड्रॉपआउट नहीं करेंगे और प्रति दिन नियमित समय पर विद्यालय आयेंगे तथा पूरे मन लगा कर पढ़ाई करेंगे। साइकिल पाकर सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे उनके चेहरे पर खुशी साफ साफ नजर आ रही थी। बच्चों ने कहा कि हमें विद्यालय आने जाने में बहुत कठिनाई होती थी पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता था इसके वजह से कभी कभी हम विद्यालय के लिए लेट हो जाते थे जिसके कारण हमारी पढ़ाई बाधित हो रही थी।

## भरनो बैंक ऑफ इंडिया में बिचौलियों का बोलबाला

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा इन दिनों बिचौलियों के दबदबे और मनमानी को लेकर सुर्खियों में है। स्थानीय किसानों और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ते आक्रोश का कारण है बैंक में फैली बिचौलिया संस्कृति, जो कथित तौर पर शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से फल-फूल रही है। सूत्रों के अनुसार, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, मुद्रा ऋण और वाहन ऋण जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आम लोगों को सीधे बैंक प्रबंधक से संपर्क करने के बजाय बिचौलियों से संपर्क करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गोपनीयता की शर्त पर कुछ लाभुकों ने बताया कि वे महीनों से बैंक के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बिना "चढ़ावा" दिए लोन पास नहीं किया जा रहा है। केवल वही लाभार्थी सफल हो पा रहे हैं जो इन बिचौलियों के माध्यम से "सेटिंग" कर अपना लोन आवेदन करवाते हैं।

## उपायुक्त ने जमुआ अनाज गोदाम का किया निरीक्षण

# अनाज के रख रखाव पर ध्यान देने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला अंतर्गत विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु उचित प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जमुआ प्रखंड के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अनाज गोदाम का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने खाद्यान्नों की गुणवत्ता, सुरक्षा और रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अनाज के रखरखाव पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बरसात में नमी से बचाव के उपाय, कीटनाशकों के उपयोग की प्रक्रिया और खाद्यान्न वितरण योजना से संबंधित जानकारी की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को खाद्यान्न का भंडारण पूरी सावधानी और मानकों के अनुरूप करने का निर्देश दिया ताकि जनवितरण प्रणाली के लाभुकों तक खाद्यान्न समय पर पहुंच सके। उपायुक्त ने पुल पुलिया और कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, भोजन आदि का जायजा लिया। साथ ही किचेन शेड, भोजन की गुणवत्ता आदि की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुआ, अंचलाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## गुमला में जन्म एवं मृत्यु निबंधन की समीक्षा बैठक का हुआ समापन

**गुमला।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक की अध्यक्षता में जन्म एवं मृत्यु निबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा उपलब्ध रिपोर्टों के आधार पर सभी प्रखंडों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य सहिया के साथ नियमित बैठक कर, गर्भवती व धात्री महिलाओं की सूची एवं पूर्ण विवरण समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि अस्पताल प्रबंधन को जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिनका उपयोग विद्यालय नामांकन, सरकारी योजनाओं, पेंशन, एवं अन्य आवश्यक कार्यों में होता है।

## झपट्टा मार गिरोह के दो अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे 9400 नगद 6 मोबाइल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमुआ।** झपट्टा मार गिरोह ने बीते रविवार को जमुआ चौक से सामान खरीद रहे एक युवक से दिन दहाड़े 2 हजार नगद और ओपो कम्पनी का मोबाइल ले कर फरार हो गया .हलाकि स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से जमुआ पुलिस ने पीछा कर प्रखण्ड मुख्यालय गेट पर उसे पकड़ लिया . इस दौरान पुलिस ने झपट्टा मार अपराधियों से 7 हजार 4 सौ रुपये भी बरामद किया। इस बाबत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने टीम गठित कर पवन कुमार साहू पिता किगशोरी साहू शाकिन हीरोडीह थाना हीरोडीह के दिये आवेदन पर अपराधियों से कड़े पूछताछ के बाद गठित टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने अन्य से छीने गए 5 मोबाइल और हीरो कम्पनी की बाइक जेएच11AU7824 बरामद किया गया. गिरोह में शामिल गंगा कुमार पिता मंनोज विश्वकर्मा एवं विष्णु विश्वकर्मा पिता महेश विश्वकर्मा दोनों शाकिन सुरही थाना नावाडीह को जमुआ पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया है. उक्त जानकारी एसडीपीओ खोरीमहुआ ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी. गठित टीम में जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, पुलिस पदधुकारी सुमित कुमार सिंह ,वेदप्रकाश पांडेय सहित पुलिस बल शामिल थे.

## बरनवाल युवा महिला समिति ने किया श्रावण समारोह का आयोजन

# महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** बरनवाल युवा महिला समिति द्वारा सदन बरनवाल धर्मशाला में रविवार को जिला अध्यक्ष दीपा बरनवाल के नेतृत्व में आयोजित श्रावण समारोह शाम करीब 7 सम्पन्न हुआ। मौके पर बरनवाल समाज की सैकड़ो महिलाएं इस समारोह में शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बरनवाल समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सुमन सम्मिलित हुई। वहीं गिरिडीह से सरिता बरनवाल भी कार्यक्रम में पहुंची। जबकि समारोह में धनबाद से पुष्पा बननेवाल , सरिया से सुमन मोदी तथा कई अन्य महिलाओं ने भाग लिया। इस समारोह के संबंध में बताया गया कि बरनवाल युवा महिला समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में श्रावण समारोह का आयोजन किया जाता है। समिति सदस्यों द्वारा बंगाल समाज के विकास हेतु किया जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। समझ में महिलाओं ने नाटकीय रूप में शंकर पार्वती व राधा कृष्ण बनकर नृत्य प्रस्तुत किया और दर्शकों का मन मोह लिया। इस समारोह में सभी अतिथियों के साथ बरनवाल युवा महिला समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर रेखा बरनवाल, अंशु बरनवाल ,राखी रानी, लक्ष्मी बरनवाल, मीतू बरनवाल, निमिषा बरनवाल आदि सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## गुमला में विशेष स्वच्छता एवं जल निकासी अभियान जारी, विद्यालयों-आंगनबाड़ी व अस्पताल परिसरों से हटाया गया वर्षा जल



**गुमला।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण उत्पन्न जलजमाव और सीलन की समस्या से निपटने के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित विशेष स्वच्छता एवं जल निकासी अभियान 18 जुलाई से 26 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के विभिन्न प्रखंडों, विद्यालय परिसरों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अस्पतालों में अभियान के तहत व्यापक साफ-सफाई और जल निकासी का कार्य किया गया। द्यिालय परिसरों की छतों पर जमा वर्षा जल को हटाया गया तथा नालियों की सफाई कर जल निकासी को सुचारु बनाया गया। इस कार्य में शिक्षकों के साथ छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं अस्पताल परिसरों में भी जलजमाव को दूर कर स्वच्छ वातावरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उपायुक्त द्वारा पहले से ही सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया था कि अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों की जियो टैग युक्त फोटोग्राफ तैयार कर जिला स्तर पर प्रस्तुत की जाएं, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। यह अभियान न केवल भवनों की संरक्षा, बल्कि बच्चों, मरीजों एवं आम नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यकर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन का एक प्रभावी और सराहनीय प्रयास है। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान 26 जुलाई तक बिना किसी विराम के जारी रहेगा।

## लगातार बारिश से खेती हुई प्रभावित मक्का-दलहन की बुआई पर असर

**हजारीबाग।** जिले में पिछले एक माह से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है. 16 जून से प्रतिदिन औसतन 20 से 25 एमएम बारिश रिकॉर्ड की जा रही है. इससे खेतों में पानी भर गया है और अत्यधिक आर्द्रता बनी हुई है. बारिश की वजह से मक्का, ज्वार, बाजरा, अरहर, उरद, मूंग, कुल्थी जैसी दलहनी फसलें और मूंगफली की बुआई प्रभावित हुई है.

# जिला प्रशासन ट्रांसपोर्ट नगर बनाने में विफल जुर्माना वसूली में आगे




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** चास नगर निगम क्षेत्र के आइटीआइ मोड़ से तलगड़िया मोड़ तक सड़कों का चौड़ीकरण तो हो गया है, लेकिन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण नहीं होने के कारण जोधाडीह मोड़ से आइटीआइ मोड़ तक, तलगड़िया मोड़ से बाधाडीह तक, चास पुरुलिया मुख्य पथ व नया फोरलेन के सड़क किनारे, ट्रक दिन- रात खड़े रहते है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है. रविवार को चास जोधाडीह मोड़ में ट्रक मालिक, ड्राइवर और आमजनों के साथ प्रभात खबर आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संवाद के दौरान सभी ट्रक मालिकों ने एक स्वर में कहा कि मजबूर होकर हमलोग अपना वाहन सड़क किनारे लगाते हैं. जिला प्रशासन ट्रांसपोर्ट नगर बनाने में अभी तक विफल रहा है, लेकिन जुर्माना वसूलने में आगे है. जिला प्रशासन की सड़क सुरक्षा समिति या किसी भी बैठक में हमारे एसोसिएशन के सदस्यों को नहीं बुलाया जाता है, जिससे उनको हमारी समस्या की जानकारी नहीं हो पाती है. मौके पर ट्रक मालिक काका बाबू, महेश ब्रह्मचारी, केदार सिंह, दिलीप यादव, रामाधार शर्मा, अनिल चौधरी, सुनील यादव, संजय राम, दीपक कुमार, अभय कुमार मुन्ना, पंकज सिंह सहित अन्य ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की सिर्फ योजना ही बन रही है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है. चास में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है. कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के लिए कई बार व्यावसायिक पारिवारिक संघ और चास बोकारो ट्रक ऑनर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य उपायुक्त और जनप्रतिनिधि से मिले, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है. पता नहीं बोकारो को कब ट्रांसपोर्ट नगर नसीब होगा. संवाद के दौरान ट्रक मालिक और ड्राइवरों ने कहा कि चास से थोड़ा दूर चीराचास, पिंड्राजोरा और चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में कहीं भी गाड़ी रखते हैं, चोरी होने डर बना रहता है.

## गुमला के प्रवीण ने देशभर में लहराया परचम

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला के प्रतिभाशाली छात्र प्रवीण कुमार सिंह ने पूरे देश में अपना और विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। हाल ही में आयोजित सीएससी गणित ओलंपियाड में प्रवीण ने देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्रवीण व उनके माता-पिता को विद्यालय परिसर में आयोजित वंदना सभा के दौरान सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, सभी आचार्यगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सचिव श्री सिंह ने प्रवीण के माता-पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके अनुकरणीय पालन-पोषण व प्रवीण की सफलता में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने प्रवीण को बधाई दी।


**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**आवेदन का आमंत्रण (आम सूचना)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रॉची के विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र के मत्स्य पालकों/मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा सदस्य/केज मत्स्य पालको प्राप्त लक्ष्य की उपलब्धि हेतु निम्नांकित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जो निम्नवत है–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य (सं0/एकड़ में) 101 | भौतिक लक्ष्य (सं0/एकड़ में) 789 |
|---|---|---|---|
| 1 | हजारीबाग जिला के निजी क्षेत्र के तालाबों में मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अधिकतम 1875 रू0 प्रति एकड़ जलक्षेत्र पर लगभग 5000 मत्स्य बीज हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से देय होगा। | 150 | 40 |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा उनके सदस्यों के लिए सामान्य नाव | 17 | 5 |
| 3 | केज रिपेयरिंग | 22 | 0 |
| 4 | वित्तीय वर्ष– 2018–19 तक निर्मित केजों के लिए 6x4x5 मी0 साईज के 45ply के 12-24 mm Eye size nylon 210 Grout नया नेट | 75 | 15 |
| 5 | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों/विस्थापितों तथा कोविड 19 के प्रवासी मजदूरों को मछली की शिकारमाही हेतु 5 कि0ग्रा0 गिल नेट | 40 | 5 |
| 6 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को 4–6 सीटर वाले क्षमता वाले मोटर चालित नाव | 2 | 1 |
| 7 | पी0एम0एम0एस0वाई0 योजना के तहत् निर्मित केजों के साथ केज हाउस का निर्माण | 2 | 0 |
| 8 | नये आर0एफ0एफ0 का अधिष्ठापन | 10 यूनिट | |
| 9 | केज रिमॉडलिंग | 10 | 02 |
| 10 | पत्थर/कोल पिट्स में केज अधिष्ठापन | 02 | |
| 11 | मछली–सह–बत्तख पालन | 09 | 02 |

उक्त योजना हेतु इच्छुक मत्स्य पालक/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों/Migrant workers केज मत्स्य पालक एवं नये आर0एफ0एफ0 के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह से दिनांक 20.08.2025 तक आवेदन पत्र स्वीकार की जायेगी । मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में आकर जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

नोट :– आवेदन पत्र कार्यालय में निःशूल्क उपलब्ध।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 357806 Fish(25-26).D

